# ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**प्लॉट संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4,**

**ग्रेटर नौएडा सिटी, जिला- गौतमबुद्ध नगर-201310**

## सार्वजनिक सूचना

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की वाणिज्यिक भूखण्डों की योजना के अन्तर्गत मैसर्स ऐ.वी. जे. डेवलपर्स प्रा०लि० (मैसर्स ओमैक्स इण्डिया ट्रेड सैन्टर) को आबंटित भूखण्ड संख्या सी-01, सैक्टर-अल्फा-।।, कॉमर्शियल बैल्ट, क्षेत्रफल 11584 वर्गमीटर को प्राधिकरण की लगभग 65 करोड़ की देयता का भुगतान प्राधिकरण को नहीं किए जाने के कारण दिनॉक 25.1.2021 निरस्त कर दिया गया है तथा यह भूखण्ड अब पूर्णतया प्राधिकरण के स्वामित्व में आ गया है। प्राधिकरण द्वारा तृतीय पक्ष के अधिकार सुरक्षित रखे जाने के उद्देश्य से इस सम्पूर्ण बिल्डिंग/परियोजना को प्राधिकरण टेक-ओवर करते हुए यह सुनिश्चित कर रहा है कि तृतीय पक्ष को किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होने पाए। इस कार्य हेतु प्राधिकरण द्वारा शीघ्र ही स्थल पर एक साईट ऑफिस की स्थापना की जाएगी। इस भूखण्ड के समस्त बॉयर्स को सूचित किया जाता है कि वे मैसर्स ऐ.वी.जे. डेवलपर्स प्रा०लि० (मैसर्स ओमैक्स इण्डिया ट्रेड सैन्टर) को भुगतान करने वाली धनराशि का भुगतान तत्काल रोक दें एवं जो भी भुगतान देय हो वह प्राधिकरण के पक्ष में जमा कराया जाना सुनिश्चित करें। आज के बाद किसी भी बॉयर द्वारा यदि कोई यूनिट मैसर्स ऐ.वी.जी. (मैसर्स ओमैक्स इण्डिया ट्रेड सैन्टर ) से क्रय की जाती है तो वह पूर्णतया अवैद्य मानी जाएगी। यदि किसी बायॅर्स को भुगतान आदि के सम्बन्ध में अथवा अन्य कोई जानकारी प्राप्त करनी है तो वह प्राधिकरण द्वारा इस परियोजना के लिए निर्धारित की गई ई-मेल आई.डी. avj.omaxe.alpha2@gnida.in पर, व्हॉटसऐप संख्या 8800203912 पर एवं दूरभाष संख्या 0120-2336046, 0120-2336047, 0120-2336048 एवं 0120-2336049 के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।

आज्ञा से

**मुख्य कार्यपालक अधिकारी**
**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**